[redacted]

सामान्य निर्देश :

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड-क, ख, ग,** घ एवं ङ ।*

*(iii)* ***खण्ड – क :** प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड – ख :** प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड – ग :** प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड – घ :** प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड – ङ :** प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## खण्ड – क

प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । **(17 × 1 = 17)**

1. 'विकास' की अवधारणा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ? उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए । **1**

I. विकास का अर्थ है जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ।

II. विकास वह है जब सकारात्मक वृद्धि होती है ।

III. विकास वह है जब मात्रा अधिक होती है ।

IV. विकास सदैव मूल्य के सापेक्ष होता है ।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं ।

(B) केवल I, II और IV सही हैं ।

(C) केवल I, III और IV सही हैं ।

(D) केवल II, III और IV सही हैं ।

***General Instructions :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *Sections –* ***Section A, B, C, D*** *and* ***E.***

*(iii)* *Section* ***A*** *- Question Nos.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice (MCQ) type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* *Section* ***B*** *- Question Nos.* ***18*** *and* ***19*** *are Source based questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(v)* *Section* ***C*** *- Question Nos.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer (SA) type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions shall be written in* ***80*** *to* ***100*** *words.*

*(vi)* *Section* ***D*** *- Question Nos.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer (LA) type questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions shall be written in* ***120*** *to* ***150*** *words.*

*(vii)* *Section* ***E*** *- Question Nos.* ***29*** *&* ***30*** *are Map based questions. Each question carries* ***5*** *marks.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions.*

## SECTION – A

Question Nos. **1** to **17** are Multiple Choice type questions. **(17 × 1 = 17)**

1. Which of the following statements related to the concept of 'development' are correct ? Choose the appropriate option. **1**

I. Development means positive change in life.
II. When positive growth is there, it is development.
III. When quantity is greater, it is development.
IV. Development is always relative to value.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only I, II and IV are correct.
(C) Only I, III and IV are correct.
(D) Only II, III and IV are correct.

2. स्तंभ-I का सही मिलान स्तंभ-II से कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए । 1

| स्तंभ-I (उपागम) | | स्तंभ-II (विशेषता) | |
|---|---|---|---|
| a. | आय उपागम | i. | अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रस्तावित । |
| b. | कल्याण उपागम | ii. | स्वास्थ्य, शिक्षा और संसाधनों तक पहुँच, मुख्य घटक हैं । |
| c. | आधारभूत आवश्यकता उपागम | iii. | यह सबसे पुराने उपागमों में से एक है । |
| d. | क्षमता उपागम | iv. | मानव लक्षित लाभार्थी के रूप में । |

**विकल्प :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

3. निम्नलिखित में से कौन–सा निम्न अक्षांशों वाला विश्व का एक 'निर्वाहन संग्रहण' का क्षेत्र है ? 1

(A) उत्तरी कनाडा
(B) उत्तरी यूरेशिया
(C) दक्षिणी पूर्वी एशिया
(D) दक्षिणी पूर्वी चिली

4. विश्व के तेल टैन्कर पत्तनों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

(A) माराकाइबो, त्रिपोली, सिंगापुर
(B) एस्सखीरा, सिंगापुर, मैनचेस्टर
(C) माराकाइबो, एस्सखीरा, त्रिपोली
(D) मैनचेस्टर, एस्सखीरा, मार्मागाओ

5. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A) :** सभी विकसित देशों ने विकासशील देशों की वस्तुओं के लिए अपने बाज़ार खोल दिए हैं ।

**कारण (R) :** विश्व व्यापार संगठन राष्ट्रों के मध्य व्यापार के वैश्विक नियमों को नियत करता है ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) दोनों (A) तथा (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

2. Match column-I with column-II correctly and choose the appropriate option : **1**

| | **Column-I (Approach)** | | **Column-II (Characteristics)** |
|---|---|---|---|
| a. | Income Approach | i. | Proposed by International Labour Organisation |
| b. | Welfare Approach | ii. | Health, education and access to resources – key factors |
| c. | Basic Needs Approach | iii. | It is one of the oldest approach |
| d. | Capability Approach | iv. | Human being – targeted beneficiaries |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

3. Which one of the following is the low latitudes zone of subsistence gathering practiced in the world ? **1**

(A) Northern Canada
(B) Northern Eurasia
(C) Southeast Asia
(D) Southeast Chile

4. Choose the correct option related to oil tanker ports of the world. **1**

(A) Maracaibo, Tripoli, Singapore
(B) Esskhira, Singapore, Manchester
(C) Maracaibo, Esskhira, Tripoli
(D) Manchester, Esskhira, Marmagao

5. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** All the developed countries have opened their markets for products from developing countries.

**Reason (R) :** World Trade Organisation deals with the global rules of trade between nations.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is **not** the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

6. 'तृतीयक क्रियाकलापों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

I. तृतीयक क्रियाकलापों में उत्पादन और सेवाओं का विनिमय दोनों सम्मिलित होते हैं ।

II. तृतीयक क्रियाकलापों में सेवाओं का व्यावसायिक उत्पादन सम्मिलित होता है ।

III. तृतीयक क्रियाकलाप कच्चे माल के प्रसंस्करण से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है ।

IV. तृतीयक क्रियाकलाप के उदाहरण हैं – नलसाज, चिकित्सक, प्रकाशक ।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं ।

(B) केवल I, II और IV सही हैं ।

(C) केवल I, III और IV सही हैं ।

(D) केवल II, III और IV सही हैं ।

7. निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए । **1**

(A) लाल कॉलर श्रमिक – अभ्यासरत वकील

(B) स्वर्ण कॉलर श्रमिक – वरिष्ठ व्यावसायिक कार्यपालक

(C) गुलाबी कॉलर श्रमिक – पर्यावरणीय वैज्ञानिक

(D) श्वेत कॉलर श्रमिक – खनन से जुड़े श्रमिक

8. भारत में 'चिकित्सा पर्यटन' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? **1**

(A) पर्यटक विशेष रूप से सस्ती चिकित्सा सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए पर्यटन करते हैं ।

(B) चिकित्सक शल्यक्रिया के लिए विकसित देशों में पर्यटन करते हैं ।

(C) चिकित्सक मरीज़ों का इलाज करने हेतु यात्रा करते हैं ।

(D) यात्रा पर गए पर्यटकों को बीमार होने पर इलाज मिलता है ।

9. उन राज्यों के सही समूह का चयन कीजिए जहाँ बहुसंख्यकों द्वारा द्रविड़ भाषा बोली जाती है । **1**

(A) तमिलनाडु, केरल और महाराष्ट्र
(B) कर्नाटक, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश
(C) तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक
(D) आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश

10. भारत में जनसंख्या वृद्धि के निम्नलिखित में से किस प्रावस्था के दौरान ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई ? **1**

(A) प्रावस्था I
(B) प्रावस्था II
(C) प्रावस्था III
(D) प्रावस्था IV

6. Read the following statements carefully regarding 'tertiary activities' and choose the correct option : **1**

I. Tertiary activities include both production and exchange of services.

II. Tertiary activities involve the commercial output of services.

III. Tertiary activities are directly involved in the processing of raw material.

IV. The examples of tertiary activities are – plumber, doctor, publisher.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

7. Choose the correctly matched pair from the following. **1**

(A) Red collar worker – Practicing lawyers

(B) Gold collar worker – Senior business executive

(C) Pink collar worker – Environmental scientist

(D) White collar worker – Mining worker

8. Which one of the following statements is true regarding 'medical tourism' in India ? **1**

(A) Tourists travel specially for availing cheap medical facilities.

(B) Doctors travel to developed country to do surgical operation.

(C) Doctors travel to treat the patients.

(D) Tourists on trip get treated, if they fall ill.

9. Choose the right group of states where Dravadian language is spoken majorly. **1**

(A) Tamil Nadu, Kerala and Maharashtra

(B) Karnataka, Maharashtra and Andhra Pradesh

(C) Tamil Nadu, Kerala and Karnataka

(D) Andhra Pradesh, Telangana and Madhya Pradesh

10. During which one of the following phase of population growth in India, negative growth was recorded in a decade ? **1**

(A) Phase I (B) Phase II

(C) Phase III (D) Phase IV

11. स्वर्णिम चतुर्भुज पर स्थित निम्नलिखित में से कौन-सा शहरों का समूह दिल्ली से घड़ी की सूई की दिशा के अनुरूप व्यवस्थित है ? **1**

(A) दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई
(B) दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई
(C) दिल्ली, चेन्नई, मुंबई और कोलकाता
(D) दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई

12. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर दो रेलमंडलों के मुख्यालय के रूप में सेवा प्रदान करता है ? **1**

(A) कोलकाता
(B) चेन्नई
(C) जयपुर
(D) बिलासपुर

13. निम्नलिखित में से कौन-सी भू-निम्नीकरण की प्राकृतिक प्रक्रिया है ? **1**

(A) खनन क्रियाकलाप
(B) अवनलिका (गली) अपरदन
(C) औद्योगिक अपशिष्ट
(D) स्थानांतरित कृषि

14. ध्वनि की प्रबलता को मापने वाली इकाई कहलाती है – **1**

(A) मिलीमीटर
(B) सेंटीमीटर
(C) डेसीमल
(D) डेसिबल

निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न सं. **15** से **17** तक के उत्तर लिखिए :

*सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश*

| क्र.सं. | देश | जनसंख्या | विश्व का % |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 1,425,775,850 | 17.4 |
| 2 | चीन | 1,409,670,000 | 17.2 |
| 3 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 337,975,234 | 4.13 |
| 4 | इंडोनेशिया | 278,696,200 | 3.41 |
| 5 | पाकिस्तान | 229,488,994 | 2.80 |
| 6 | नाइजीरिया | 216,746,934 | 2.65 |
| 7 | ब्राजील | 219,277,799 | 2.68 |
| 8 | बंग्लादेश | 168,220,000 | 2.06 |
| 9 | मेक्सिको | 128,271,248 | 1.57 |

15. कितने सूचीबद्ध देश एशिया महाद्वीप के अंतर्गत आते हैं ? **1**

(A) 3
(B) 4
(C) 5
(D) 6

11. Which one of the following set of cities falling on the 'Golden Quadrilateral' are arranged in a clock-wise direction from Delhi ? **1**
    (A) Delhi, Kolkata, Mumbai and Chennai
    (B) Delhi, Mumbai, Kolkata and Chennai
    (C) Delhi, Chennai, Mumbai and Kolkata
    (D) Delhi, Kolkata, Chennai and Mumbai

12. Which one of the following cities serve as headquarter of two railway zones ? **1**
    (A) Kolkata (B) Chennai
    (C) Jaipur (D) Bilaspur

13. Which one of the following is a natural process of land degradation ? **1**
    (A) Mining activities (B) Gully erosion
    (C) Industrial waste (D) Shifting cultivation

14. The loudness of the sound is measured in the unit known as : **1**
    (A) Millimeter (B) Centimeter
    (C) Decimal (D) Decibel

Study the following table carefully and answer Question Nos. **15** to **17**.

**Most populous countries**

| Sr. No. | Country | Population | % of world |
|---|---|---|---|
| 1 | India | 1,425,775,850 | 17.4 |
| 2 | China | 1,409,670,000 | 17.2 |
| 3 | United States of America | 337,975,234 | 4.13 |
| 4 | Indonesia | 278,696,200 | 3.41 |
| 5 | Pakistan | 229,488,994 | 2.80 |
| 6 | Nigeria | 216,746,934 | 2.65 |
| 7 | Brazil | 219,277,799 | 2.68 |
| 8 | Bangladesh | 168,220,000 | 2.06 |
| 9 | Mexico | 128,271,248 | 1.57 |

15. How many of the listed countries fall under Asian continent ? **1**
    (A) 3 (B) 4
    (C) 5 (D) 6

16. निम्नलिखित में से महाद्वीपों का कौन-सा समूह तालिका में प्रतिनिधित्व नहीं करता है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए । **1**

(A) ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका (B) अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका

(C) यूरोप और दक्षिण अमेरिका (D) ऑस्ट्रेलिया और यूरोप

17. चीन और ब्राजील दोनों को मिलाकर विश्व जनसंख्या का कितना प्रतिशत हिस्सा है ? **1**

(A) 17.88 (B) 17.58

(C) 19.88 (D) 19.58

## खण्ड – ख

प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। **(2 × 3 = 6)**

18. 'विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि' के मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

[redacted]

(18.1) Ⓐ के रूप में अंकित क्षेत्र का भौगोलिक नाम लिखिए । **1**

(18.2) Ⓐ क्षेत्र में उगाई जाने वाली किन्हीं दो प्रमुख फसलों के नाम लिखिए । **½ + ½ = 1**

(18.3) Ⓑ के रूप में अंकित क्षेत्र के कृषि महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । **1**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर है ।

विश्व में 'विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि' की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । **3**

16. Which of the following set of continents is **<u>not</u>** represented in the table ? Choose the most appropriate option. **1**

(A) Australia and Africa
(B) Africa and South America
(C) Europe and South America
(D) Australia and Europe

17. China and Brazil together account for what percentage of the world population ? **1**

(A) 17.88
(B) 17.58
(C) 19.88
(D) 19.58

## SECTION – B

Question Nos. **18** and **19** are Source based questions : **(2 × 3 = 6)**

18. Study the map showing areas of 'extensive commercial grains farming' carefully and answer questions that follow :

[redacted]

(18.1) Write the geographical name of the area marked as Ⓐ **1**

(18.2) Name any two major crops grown in the region Ⓐ **½ + ½ = 1**

(18.3) Explain the agricultural importance of the area marked as Ⓑ **1**

**Note :** The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **18**

Explain the main characteristics of 'extensive commercial grain farming' in the world. **3**

19. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

**जल प्रदूषण**

उत्पादन प्रक्रिया में, उद्योग अनेक अवांछित उत्पाद पैदा करते हैं जिनमें औद्योगिक कचरा, प्रदूषित अपशिष्ट जल, ज़हरीली गैसें, रासायनिक अवशेष, अनेक भारी धातुएँ, धूल, धुआँ आदि शामिल होता है। अधिकतर औद्योगिक कचरे को बहते जल में अथवा झीलों आदि में विसर्जित कर दिया जाता है। परिणामस्वरूप विषाक्त रासायनिक तत्त्व जलाशयों, नदियों तथा अन्य जल भंडारों में पहुँच जाते हैं जो इन जलों में रहने वाली जैव प्रणाली को नष्ट करते हैं। सर्वाधिक जल प्रदूषक उद्योग–चमड़ा, लुगदी व कागज़, वस्त्र तथा रसायन हैं।

(19.1) भारत में किस प्रकार जल प्रदूषण में उद्योगों का प्रमुख योगदान है ? व्याख्या कीजिए। **1**

(19.2) जल प्रदूषण को कम करने का उपाय सुझाइए। **1**

(19.3) भारत की दो अत्यधिक प्रदूषित नदियों का उल्लेख कीजिए। **½ + ½ = 1**

## खण्ड – ग

प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। **(4 × 3 = 12)**

20. 'अस्थिर पृथ्वी' और 'क्रियाशील मानव' के बीच संबंधों की परख कीजिए। **3**

21. 'मानव विकास' के स्तंभ के रूप में 'सतत पोषणीयता' की परख कीजिए। **3**

22. (a) भारत में नगरीय बस्तियों की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) भारत में नगरों के विकास की व्याख्या कीजिए। **3**

23. नीचे दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

**भारत में श्रम–शक्ति का सेक्टर–वार संघटन, 2011**

| संवर्ग | जनसंख्या | | | |
|---|---|---|---|---|
| | व्यक्ति | कुल श्रमिकों का % | पुरुष | स्त्री |
| प्राथमिक | 26,30,22,473 | 54.6 | 16,54,47,075 | 9,75,75,398 |
| द्वितीयक | 1,83,36,307 | 3.8 | 97,75,635 | 85,60,672 |
| तृतीयक | 20,03,84,531 | 41.6 | 15,66,43,220 | 4,37,41,311 |

(23.1) महिला श्रमिकों का प्राथमिक और तृतीयक संवर्ग में अंतर अधिक क्यों है ? **1**

(23.2) पुरुष श्रमिकों के प्राथमिक और तृतीयक क्षेत्रक में कम अंतर होने के कारण की व्याख्या कीजिए। **1**

(23.3) भारत की श्रम शक्ति में द्वितीयक क्षेत्रक का योगदान क्यों कम है ? **1**

19. Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

**Water Pollution**

Industries produce several undesirable products including industrial wastes, polluted waste water, poisonous gases, chemical residuals, numerous heavy metals, dust, smoke, etc. Most of the industrial wastes are disposed off in running water or lakes. Consequently, poisonous elements reach the reservoirs, rivers and other water bodies, which destroy the bio-system of these waters. Major water polluting industries are leather, pulp and paper, textiles and chemicals.

(19.1) Explain how industries are the major contributor of water pollution in India. **1**

(19.2) Suggest the way for minimising water pollution. **1**

(19.3) Mention two rivers of India which are highly polluted. **½ + ½ = 1**

## SECTION – C

Question Nos. **20** to **23** are Short Answer type questions. **(4 × 3 = 12)**

20. Examine the relationships between the 'unresting man' and 'unstable earth'. **3**

21. Examine the importance of 'sustainability' as a pillar of 'human development'. **3**

22. (a) Explain the main characteristics of urban settlements in India. **3**

**OR**

(b) Explain the evolution of towns in India. **3**

23. Study the following table carefully and answer the questions that follow :

**Sectoral composition of workforce in India, 2011**

| Categories | Population | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Persons | % to total workers | Male | Female |
| Primary | 26,30,22,473 | 54.6 | 16,54,47,075 | 9,75,75,398 |
| Secondary | 1,83,36,307 | 3.8 | 97,75,635 | 85,60,672 |
| Tertiary | 20,03,84,531 | 41.6 | 15,66,43,220 | 4,37,41,311 |

(23.1) Why is the large difference between primary and tertiary categories of female workers ? **1**

(23.2) Explain the reason of low variation between male workers of 'primary' and 'tertiary' sectors. **1**

(23.3) Why 'secondary sector' has low contribution in India's workforce ? **1**

## खण्ड – घ

प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । **(5 × 5 = 25)**

24. "उद्योगों की स्थापना उस स्थान पर की जानी चाहिए जहाँ उत्पादन लागत कम आए ।" उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन की परख कीजिए । **5**

25. (a) "रेलमार्ग लंबी दूरी तक स्थूल वस्तुओं और यात्रियों के लिए स्थल परिवहन का एक प्रकार है ।" इस कथन के संदर्भ में विश्व में रेलवे के महत्त्व की व्याख्या कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "सड़क परिवहन छोटी दूरियों के लिए रेलवे की अपेक्षा आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है ।" इस कथन के संदर्भ में विश्व में सड़क परिवहन के महत्त्व की व्याख्या कीजिए । **5**

26. (a) "सामान्यतः किसी क्षेत्र में भू–उपयोग वहाँ की आर्थिक क्रियाओं की प्रवृत्ति पर निर्भर है ।" उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "भारतीय कृषि की समस्याओं में भौतिक बाधाएँ और संस्थागत अवरोध शामिल हैं ।" उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5**

27. (a) ऊर्जा के प्रमुख स्रोत के रूप में पेट्रोलियम के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए और भारत में इसके वितरण का वर्णन कीजिए । **3 + 2 = 5**

**अथवा**

(b) औद्योगिक कच्चे माल के रूप में लौह–अयस्क के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए और भारत में इसके वितरण का वर्णन कीजिए । **3 + 2 = 5**

28. (a) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के विकास में भारतीय समुद्री पत्तनों के महत्व का विश्लेषण कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के बदलते प्रारूप का विश्लेषण कीजिए । **5**

## SECTION – D

Question Nos. **24** to **28** are Long Answer type questions. **(5 × 5 = 25)**

24. "Industries should be located at points where the production costs are minimum." Examine the statement with suitable arguments. **5**

25. (a) "Railway is the mode of land transport for bulky goods and passengers over long distances." In the context of this statement, explain the significance of railways in the world. **5**

**OR**

(b) "Road transport is the most economical for short distances compared to railway." In the context of this statement, explain the significance of road transport in the world. **5**

26. (a) "Generally land-use in a region is influenced by the nature of economic activities." Support the statement with suitable examples. **5**

**OR**

(b) "The Indian agricultural problems have physical constraints and institutional hindrances." Support the statement with suitable examples. **5**

27. (a) Explain the significance of petroleum as major source of energy and describe its distribution in India. **3 + 2 = 5**

**OR**

(b) Explain the significance of iron-ore as industrial raw material and describe its distribution in India. **3 + 2 = 5**

28. (a) Analyse the importance of Indian seaports in the development of international trade. **5**

**OR**

(b) Analyse the changing pattern of India's international trade. **5**

## खण्ड – ङ

प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र–आधारित प्रश्न हैं। **(2 × 5 = 10)**

29. दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में सात भौगोलिक विशेषताओं को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित सूचनाओं की सहायता से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखा पर लिखिए। **5 × 1 = 5**

A. पार–साइबेरियन रेलमार्ग का एक टर्मिनल स्टेशन

B. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

C. एक प्रमुख वायु पत्तन

D. एक अंतर्राष्ट्रीय नौ परिवहन नहर

E. 'निर्वाहन संग्रहण' का एक क्षेत्र

F. 'वाणिज्यिक पशुधन पालन' का एक क्षेत्र

G. 'डेरी कृषि' का एक क्षेत्र

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं। किन्हीं **पाँच** के उत्तर लिखिए। **5 × 1 = 5**

29.1 पार–साइबेरियन रेल लाइन के सबसे पश्चिमी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए।

29.2 दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट पर स्थित किसी एक प्रमुख समुद्री पत्तन का उल्लेख कीजिए।

29.3 केन्या के एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का उल्लेख कीजिए।

29.4 अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाली नौ परिवहन नहर का नाम लिखिए।

29.5 अफ्रीका में 'निर्वाहन संग्रहण' के एक प्रमुख क्षेत्र का उल्लेख कीजिए।

29.6 संयुक्त राज्य अमेरिका में 'वाणिज्य पशुधन पालन' के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.7 उत्तर अमेरिका के एक प्रमुख 'डेरी कृषि' क्षेत्र का नाम लिखिए।

30. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित सात विशेषताओं में से किन्हीं **पाँच** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए। **5 × 1 = 5**

30.1 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य (2011)

30.2 चाय उत्पादन में अग्रणी राज्य

30.3 दक्षिणी छत्तीसगढ़ में लौह–अयस्क खनन का एक क्षेत्र

30.4 ओडिशा में बॉक्साइट खनन का एक प्रमुख क्षेत्र

30.5 उत्तर प्रदेश में एक तेल शोधन कारखाना

30.6 कच्छ खाड़ी के शीर्ष पर स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन

30.7 पंजाब में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

## SECTION – E

Question Nos. **29** and **30** are Map based questions. **(2 × 5 = 10)**

29. In the given political outline map of the world, seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any **five** of them with the help of following information and write their correct names on the lines drawn near them : **5 × 1 = 5**

A. A terminal station of Trans-Siberian Railway

B. A major sea port

C. A major air port

D. An international shipping canal

E. An area of 'subsistence gathering'

F. An area of 'commercial livestock rearing'

G. An area of 'dairy farming'

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **29**. Attempt any **five**. **5 × 1 = 5**

29.1 Name the westernmost terminal station of Trans-Siberian Railway.

29.2 Mention a major sea port on the western coast of South America.

29.3 Mention an international airport of Kenya.

29.4 Name the shipping canal joining Pacific and Atlantic Oceans.

29.5 Mention one major region of 'subsistence gathering' in Africa.

29.6 Name a major area of 'commercial livestock rearing' in United States of America.

29.7 Name the major area of 'dairy farming' in North America.

30. On the given political outline map of India, locate and label any **five** of the following seven geographical features with appropriate symbols : **5 × 1 = 5**

30.1 A state with the highest density of population (2011).

30.2 A state leading in the production of tea.

30.3 An iron-ore mining area in southern Chhattisgarh.

30.4 A major area of bauxite mining in Odisha.

30.5 An oil refinery in Uttar Pradesh.

30.6 A major seaport located at the head of Gulf of Kuchchh.

30.7 An international airport in Punjab.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं । किन्हीं **पाँच** के उत्तर लिखिए । **5 × 1 = 5**

30.1 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व (2011) वाले राज्य का नाम लिखिए ।

30.2 कौन–सा राज्य चाय उत्पादन में अग्रणी है ?

30.3 छत्तीसगढ़ में किसी एक लौह–अयस्क खनन क्षेत्र का नाम लिखिए ।

30.4 ओडिशा में एक बॉक्साइट खनन क्षेत्र का उल्लेख कीजिए ।

30.5 उत्तर प्रदेश के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक तेल शोधन कारखाना स्थित है ।

30.6 कच्छ खाड़ी के शीर्ष पर स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

30.7 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पंजाब में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है ।

**Note :** The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Question No. **30**. Attempt any **five**. **5 × 1 = 5**

30.1 Name the state with the highest density of population (2011).

30.2 Which state is leading in tea production ?

30.3 Name any one iron-ore mining area in Chhattisgarh.

30.4 Mention one bauxite mining area in Odisha.

30.5 Name the place where oil refinery is located in Uttar Pradesh.

30.6 Name the major sea port located on the head of Gulf of Kuchchh.

30.7 Name the place where an international airport is located in Punjab.

[redacted]

[redacted]